“हमें बताएँ” नीति (Tell Us Policy)

संस्करण एक, जनवरी 2024

Primark (प्राइमार्क) की प्रतिबद्धता

(प्राइमार्क)Primark में हम सही तरीके से व्यवसाय करने का लक्ष्य रखते हैं। हम हमेशा सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम ज़िम्मेदार तरीके से कार्य करने को प्राथमिकता देने वाली खुलेपन, ईमानदारी और समावेशन (शामिल किए जाने)की संस्कृति को गर्व के साथ बढ़ावा देते हैं और उसके संरक्षण का लक्ष्य रखते हैं।

हम हमारी आपूर्ति श्रृंखला के कर्मियों के लिए सुरक्षित और उचित कार्यस्थलों को बढ़ावा देने को प्रतिबद्ध हैं। हम जानते हैं कि जब ये कर्मचारी आपूर्तिकर्ता (सप्लायर)और Primark (प्राइमार्क)उत्पाद बनाने वाले स्थलों के आस-पास रहने वाले लोग उनके साथ हुए अनुपयुक्त, बेईमानीपूर्ण, गैरकानूनी या खतरनाक व्यवहार के बारे में आवाज़ उठाने और हमें बताने में खुद को सशक्त (मजबूत)महसूस करते हैं तो इससे हमारी कंपनी और मज़बूत होती है। हम हमारी आपूर्ति श्रृंखला के सभी स्तरों और उसके समुदायों के बीच प्रभावी और ईमानदार संवाद को बढ़ावा देते हैं। हमारी Tell Us ("हमें बताएँ") नीति, संयुक्त राष्ट्र व्यवसाय और मानवाधिकार मार्गदर्शक सिद्धांतों (UN गाइडिंग प्रिंसिपल्स ऑन बिज़नेस एंड ह्यूमन राइट्स, UNGP) और उन लगातार विकसित होती संबंधित नियामक आवश्यकताओं के अनुरूप है जिनसे हम अवगत हैं।

आपको हमें क्यों बताना चाहिए?

यदि आप हमारी आपूर्ति श्रृंखला के कर्मचारी या आपूर्तिकर्ता (सप्लायर)हैं या आप Primark (प्राइमार्क)उत्पाद बनाने वाले स्थलों के आस-पास रहते हैं और आपको ऐसी किसी चीज़ का पता चलता है जो आपके विश्वास में अनुपयुक्त, बेईमानीपूर्ण, गैरकानूनी या खतरनाक है, तो हम चाहते हैं कि आप आगे आएँ और अपनी चिंताएँ ज़ाहिर करें। हमारा Tell Us ("हमें बताएँ") नामक एक गोपनीय और गुप्त (तब के सिवाय जब कानूनी कारणों के चलते हमारे लिए प्रकटन आवश्यक हो) सिस्टम है जो आपको ऐसा करने की क्षमता देता है। यह सिस्टम “हमें बताएँ” नीति के अंतर्गत आता है। साफ़-साफ़ बोल देने से, समस्याओं की जाँच और समाधान के उपाय किए जा सकते हैं।

कृपया जान लें कि Tell Us ("हमें बताएँ") सिस्टम आपके कार्यस्थल की सामान्य नीतियों और कार्यविधियों, जैसे शिकायत और अनुशासन प्रक्रियाओं या आपके लिए संभवतः उपलब्ध किसी भी श्रमिक संघ या वर्कर कमिटी प्रक्रिया का स्थान नहीं लेता है।

"हमें बताएँ" नीति किस पर लागू होती है?

हम Primark (प्राइमार्क)की संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला के सभी कर्मियों (कर्मचारियों)

और आपूर्तिकर्ताओं (सप्लायर)को और Primark (प्राइमार्क) उत्पाद बनाने वाले स्थलों के आस-पास रहने वाले सभी लोगों को प्रेरित करते हैं कि वे आवाज़ उठाएँ और हमें बताएँ। Tell Us (हमें बताएँ सिस्टम) का उपयोग किसी भी प्रकार के कर्मचारी द्वारा किया जा सकता है, जैसे पूर्णकालिक, अंशकालिक या नियतकालिक, आकस्मिक या एजेंसी कर्मचारी, गृह कर्मचारी सेकंडी (अस्थायी अंतरित कर्मचारी), प्रशिक्षु या स्वयंसेवी।

जिन भी देशों में हमारे स्टोर हैं उनमें से किसी भी देश में सीधे तौर पर Primark (प्राइमार्क)के लिए कार्य कर रहे सहकर्मियों और Primark (प्राइमार्क) के शेयरधारकों, एजेंटों, ठेकेदारों, बाहरी परामर्शदाताओं, तृतीय-पक्ष प्रतिनिधियों, व्यवसाय साझेदारों और प्रायोजकों को हम प्रेरित करते हैं कि वे Primark (प्राइमार्क)के स्पीक अप (आवाज़ उठाएँ) तंत्र का उपयोग करें। अधिक जानने के लिए यहाँ जाएँ: https://corporate.primark.com/en-gb/primark-cares/resources/social.

आपको हमें किस बारे में बताना चाहिए?

यदि आप मानते हैं कि कोई अनुपयुक्त, बेईमानीपूर्ण, गैरकानूनी या खतरनाक व्यवहार घटित हो रहा है, तो आप इस पूरे विश्वास के साथ अपनी चिंता ज़ाहिर कर सकते हैं कि हम आपकी सहायता करेंगे। आपको इनकी सूचना देनी चाहिए:

- Primark(प्राइमार्क) की आपूर्तिकर्ता (सप्लायर)आचार संहिता का उल्लंघन, जिनमें शामिल हैं:
  - बलात् (जबरन) या अनिवार्य श्रम या आधुनिक दासता का अन्य कोई संकेत;
  - कानूनन अधिकृत वेतनों और लाभों का भुगतान न किया जाना;
  - श्रमिक संघ से जुड़ने या गठन करने से रोका जाना या सामूहिक मोलभाव;
  - असुरक्षित या अस्वच्छ कार्य परिवेश;
  - कानूनी सीमा से अधिक कार्य घंटे;
  - भेदभाव, धौंस या उत्पीड़न;
  - दुर्व्यवहार या बलपूर्ण आचरण;
  - पर्यावरणीय क्षति; और
  - रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार।
- मानवाधिकारों और नैतिक मुद्दों तथा पर्यावरण से संबंधित किसी अन्य Primark (प्राइमार्क) नीति का उल्लंघन;
- गोपनीय जानकारी का अनधिकृत प्रकटन या डेटा के अन्य उल्लंघन;
- Primark (प्राइमार्क)के ऑर्डर अनधिकृत ढंग से उप-ठेके पर देना;
- धोखाधड़ीपूर्ण वित्तीय गतिविधि; और
- उपर्युक्त में से किसी का भी जानबूझकर छिपाया जाना।

ऐसी कोई भी बात जो ऊपर वाली सूची में नहीं है उसकी सूचना (नीचे बताए गए) विकल्प 4 का उपयोग करके Tell Us ("हमें बताएँ" सिस्टम) के ज़रिए दी जा सकती है।

यदि आप अनिश्चित हैं कि कोई चीज़ इस "हमें बताएँ" नीति के दायरे में आती है या नहीं, या यदि आप औपचारिक सूचना देने से पहले किसी भरोसे के व्यक्ति से बात करना चाहते हैं, तो हमारा सुझाव है कि आप अपने लाइन मैनेजर या सुपरवाइज़र से बात करें या, यदि उपलब्ध हो तो, अपने स्थान या कार्यस्थल पर अपने श्रमिक संघ या कर्मचारी समिति के प्रतिनिधि से बात करें।

आप मुद्दों/समस्याओं पर आवाज़ कैसे उठाते हैं और हमें कैसे बताते हैं?

किसी भी चिंताजनक मुद्दे/समस्या पर आवाज़ उठाने के लिए कृपया नीचे दिए गए विकल्प देखें। **यदि आप या कोई और तात्कालिक खतरे में हो, तो कृपया अपनी स्थानीय आपातस्थिति सेवाओं से संपर्क करें।**

विकल्प 1: अपने लाइन मैनेजर/सुपरवाइज़र को बताएँ

हमारा सुझाव है कि आप अपनी चिंता मौखिक या लिखित रूप में अपने लाइन मैनेजर या सुपरवाइज़र को बताएँ। यदि आप आपको दिखे व्यवहार की परिस्थितियों के कारण अपने लाइन मैनेजर या सुपरवाइज़र से संपर्क करने को लेकर चिंतित हैं, तो हम आपको प्रेरित करते हैं कि आप नीचे बताए गए किसी भी विकल्प का उपयोग करें।

विकल्प 2: जहाँ उपलब्ध हो वहाँ, अपने स्थानीय श्रमिक संघ या कर्मचारी समिति के प्रतिनिधि से संपर्क करें

यदि आप मामले को अपने लाइन मैनेजर या सुपरवाइज़र के सामने रखने में असमर्थ महसूस करें या यदि आपको लगे कि आपके लाइन मैनेजर या सुपरवाइज़र ने आपकी चिंता पर ध्यान नहीं दिया है/उसे हल नहीं किया है, तो आप मामले को अपने स्थानीय श्रमिक संघ या कर्मचारी समिति के प्रतिनिधि के सामने भी रख सकते हैं।

विकल्प 3: जहाँ उपलब्ध हो वहाँ, अपनी स्थानीय कर्मचारी हेल्पलाइन से संपर्क करें (परिशिष्ट 1 देखें)

यदि आप मामले को अपने लाइन मैनेजर या सुपरवाइज़र या श्रमिक संघ या कर्मचारी समिति के प्रतिनिधि के सामने रखने में असमर्थ हों, या आपने ऐसा किया हो और आपको लगता है कि आपकी चिंता पर ध्यान नहीं दिया गया है/उसे हल नहीं किया गया है, तो जहाँ उपलब्ध हो वहाँ आप मामले के बारे में नीचे परिशिष्ट 1 में बताई गई अपनी स्थानीय कर्मचारी हेल्पलाइन को सूचित कर सकते हैं।

विकल्प 4: TELL US लाइन (विवरण नीचे हैं और Primark (प्राइमार्क)उत्पाद बनाने वाली फ़ैक्टरियों के नोटिसबोर्डों पर भी हैं)

यदि विकल्प 1, 2 और 3 आपके लिए अनुपलब्ध हों, या यदि अन्य विकल्पों के ज़रिए आपकी चिंता पर ध्यान न दिया जाए/उसे हल न किया जाए, तो कृपया नीचे दिए गए विवरण का उपयोग करके Tell Us ("हमें बताएँ") फोन लाइन, वेबसेवा या स्मार्टफोन एप का उपयोग करें, वे सभी निःशुल्क हैं।

टेलीफोन	वेब पता	एक्सेस कोड	QR कोड
भारत: 0008 0005 03159	https://primark.speakup.report/tellus	106502	

यदि आप Tell Us ("हमें बताएँ") फोन लाइन पर कॉल करते हैं, तो आपको एक रिकॉर्ड किया हुआ संदेश सुनाई देगा (जो अधिकतर मामलों में आपकी स्थानीय भाषा में होगा) जिसमें आपसे Primark (प्राइमार्क)का अद्‌वितीय एक्सेस कोड पूछा जाएगा जो 106502 है। उसके बाद आप अपनी चिंता का विस्तृत वर्णन करते हुए वॉइस संदेश रिकॉर्ड कर सकेंगे।

यदि आप Tell Us ("हमें बताएँ") वेबसेवा का उपयोग करते हैं, तो आपको Primark (प्राइमार्क)का एक्सेस कोड देना होगा जो 106502 है, और उसके बाद आपको अपनी चिंता के विस्तृत वर्णन वाला संदेश लिखने का अवसर मिलेगा। वेबसेवा का टेक्स्टय (की लिखित)आपकी स्थानीय भाषा में है।

यदि आप Tell Us ("हमें बताएँ") स्मार्टफोन एप का उपयोग करते हैं, तो आप QR कोड को स्कैन करके एप को निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। उसके बाद आपको Primark (प्राइमार्क)का एक्सेस कोड डालना होगा जो 106502 है, और उसके बाद आपको अपनी चिंता के विस्तृत वर्णन वाला संदेश लिखने का अवसर मिलेगा। एप का टेक्स्ट (की लिखित)आपकी स्थानीय भाषा में है।

Tell Us ("हमें बताएँ") के फोन नंबर, वेब पते, एक्सेस कोड और QR कोड के विवरण Primark (प्राइमार्क)उत्पाद बनाने वाली फ़ैक्टरियों में प्रदर्शित पोस्टरों पर भी आपके लिए उपलब्ध हैं। यह हमारी सर्वोपरि चिंता है कि आप Tell Us ("हमें बताएँ") प्रक्रियाओं तक आसानी से पहुँच सकते हों और उनके उपयोग में सहज महसूस करते हों। हमारे आपूर्तिकर्ताओं (सप्लायर) की फ़ैक्टरियों के हमारे नियमित सामाजिक ऑडिट कार्यक्रम के तहत, हम पोस्टरों और अन्य संबंधित जानकारी की सुलभता को और प्रक्रिया की आपकी समझ को जाँचेंगे।

Primark (प्राइमार्क)के सामने रखी गई चिंताओं के रिकॉर्ड लागू कानूनों के अनुसार बनाए रखे जाएँगे। Tell Us ("हमें बताएँ") फोन लाइन के संबंध में, आपके वॉइस संदेश का ट्रांसक्रिप्ट बनाया जाता है या उसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग की जाती है।

आपकी सूचना पर हमारी "हमें बताएँ" कार्यविधियों, जो नीचे वर्णित हैं, के अनुसार कदम उठाए जाएँगे।

यदि आप Tell Us ("हमें बताएँ") सिस्टम के ज़रिए Primark (प्राइमार्क)से संपर्क करते हैं तो आगे क्या होगा?

आपको एक ख़ास केस संख्या मिलेगी। यदि आप Tell Us ("हमें बताएँ") फोन लाइन, वेबसेवा या स्मार्टफोन एप पर वापस जाकर इस संख्या का उपयोग करते हैं, तो आप (7 दिन बाद) आपकी सूचना की अभिस्वीकृति (स्वीकार) को, जानकारी के जो भी अनुरोध हों उन्हें, और आपकी चिंता की स्थिति पर जो भी अपडेट हों उन्हें सुन/पढ़ सकेंगे।

हम सात दिनों के भीतर आपकी सूचना की अभिस्वीकृति (स्वीकार) देने का लक्ष्य रखते हैं। उसके बाद हम एक आरंभिक आकलन करेंगे, जिसके तहत आपसे आपकी चिंता के बारे में अतिरिक्त जानकारी देने को कहा जा सकता है; आकलन के फलस्वरूप हमें जो पता चलेगा उसके आधार पर हम तय करेंगे कि क्या कदम उठाने हैं और उनमें कितना समय लगेगा।

जो भी जाँच की जाएगी उसके परिणाम की, जो कदम उठाए गए हैं या उठाने की योजना है उनकी, और उन कदमों के पीछे के कारणों की सूचना आपको दी जाएगी (गोपनीयता आवश्यकताओं के अधीन)। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि "हमें बताएँ" शिकायतों की जाँच की ज़िम्मेदारी जिन व्यक्तियों को दी जाए वे स्वतंत्र और निष्पक्ष हों।

यदि आप किसी भी बिंदु पर आपको मिले उत्तर से असंतुष्ट हों, तो याद रखें कि आप इस हमें बताएँ नीति में ऊपर बताए गए अन्य किसी भी संपर्क के पास जा सकते हैं। हम यह सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध हैं कि ऐसे सभी मुद्दों को निष्पक्ष और उचित ढंग से संभाला जाए।

यदि आप Tell Us ("हमें बताएँ") सिस्टम के ज़रिए Primark (प्राइमार्क)से संपर्क करते हैं तो हम आपकी सुरक्षा कैसे करेंगे?

प्रतिघात से

हम चिंता ज़ाहिर करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिशोध सहन नहीं करेंगे: जो भी व्यक्ति कोई चिंता ज़ाहिर कर रहा है उसे प्रतिकूल परिणामों, प्रतिशोध या हानि से सुरक्षा दी जानी चाहिए। यदि आपको लगे कि चिंता ज़ाहिर करने के फलस्वरूप आपको या आपकी जॉब को कोई हानि हुई है या हो रही है, तो आपको Tell Us ("हमें बताएँ") फोन लाइन, वेबसेवा या स्मार्टफोन एप के ज़रिए तुरंत उसकी सूचना देनी चाहिए।

आपकी पहचान और गोपनीयता

हमारी आशा है कि आप हमसे खुलकर बात करने में समर्थ महसूस करें। यदि आप पूरी तरह बेनाम रहना चाहते हैं, जो कि आप पर निर्भर है, तो हमारी Tell Us ("हमें बताएँ") फोन लाइन, वेबसेवा या स्मार्टफोन एप के ज़रिए ऐसा संभव है। कृपया वह जानकारी दें जो आपके विचार में आपके मुद्दे/आपकी समस्या के हल में हमारी मदद

करेगी। यदि आप कुछ भूल गए हों तो चिंतित न हों, आप हमसे दोबारा संपर्क कर सकते हैं, या आप यह अनुरोध कर सकते हैं कि आपके मुद्दे/आपकी समस्या पर चर्चा के लिए हम आपसे सीधे संपर्क करें।

यदि आप अपनी पहचान प्रकट करते हैं, तो हम आपकी पहचान निजी और गुप्त रखने के सभी संभव उपाय करेंगे। हम आपका नाम केवल उन लोगों को बताएँगे जिन्हें आरोप की जाँच के लिए आपका नाम जानने की आवश्यकता है या अन्यथा जैसे कानून ने आवश्यक किया हो। इस "हमें बताएँ" नीति के तहत ज़ाहिर की गई किसी भी चिंता के भाग के रूप में ऐसा जो भी व्यक्तिगत डेटा प्राप्त होगा जो आपकी या किसी अन्य व्यक्ति की पहचान करता है उसका उपयोग केवल इस हमें बताएँ नीति में लिखे प्रयोजनों से और परिशिष्ट 2 में दी गई निजता सूचना के अनुसार ही किया जाएगा।

आप बेनाम रहने का विकल्प चाहे चुनें या न चुनें, हम शिकायतों की हमारी प्रकाशित रिपोर्टों में हमारी आपूर्ति श्रृंखला के कर्मियों की ऐसी कोई भी जानकारी कभी-भी शामिल नहीं करते जिससे उनकी पहचान हो सके।

अन्य

जब तक कानून ने अन्यथा प्रावधान न किया हो तब तक, यह "हमें बताएँ" नीति आपके नियुक्ति अनुबंध का भाग नहीं है और Primark (प्राइमार्क)के साथ ऐसे किसी भी अनुबंध के लिए आधार प्रदान नहीं करती है; हम किसी भी समय इस "हमें बताएँ" नीति में संशोधन कर सकते हैं।

परिशिष्ट 1

स्थानीय कर्मचारी हेल्पलाइनें

नाम	देश	टेलीफोन और/या वेबसाइट
आमादेर कौथा (हमारी बात)	बांग्लादेश	08006666666
MUDEM वर्कर सपोर्ट सेंटर (कर्मचारी सहायता केंद्र)	तुर्किये	https://iscidestekmerkezi.org
RMG स्थायित्व परिषद (सस्टेनेबिलिटी काउंसिल, RSC)	बांग्लादेश	सुरक्षा शिकायतें: 08801769969000 सामान्य पूछताछ: 08801766695900 0880241081863-6
युंगल कुरल (आपकी आवाज़)	भारत	1800 8333 112

परिशिष्ट 2

“हमें बताएँ” - आपकी निजता

यूरोपीय डेटा संरक्षण कानून के प्रयोजनों से, Primark (प्राइमार्क)वह डेटा नियंत्रक है जिस पर आपके द्वारा हमारी Tell Us ("हमें बताएँ") फोन लाइन, वेबसेवा और स्मार्टफोन एप के ज़रिए सबमिट किए गए व्यक्तिगत डेटा की ज़िम्मेदारी है।

आपका व्यक्तिगत डेटा

हम हमारी “हमें बताएँ” नीति के तहत सबमिट किए गए व्यक्तिगत डेटा का उपयोग लागू कानूनों के अनुपालन में और केवल हमारी “हमें बताएँ” नीति के तहत अनुपयुक्त, अनुचित, बेईमानीपूर्ण, गैरकानूनी या खतरनाक व्यवहार (“अनुपयुक्त व्यवहार”) के आरोपों की जाँच के प्रयोजनों से ही करते हैं। यह सूचना आपके द्वारा अनुपयुक्त व्यवहार की सूचना दिए जाते समय हमारे द्वारा एकत्र की जाने वाली जानकारी के बारे में और Primark (प्राइमार्क) के भीतर वह जानकारी प्रयोग और साझा किए जाने के तरीके के बारे में आपको बताती है।

हम कौन-से व्यक्तिगत डेटा प्रोसेस करते हैं?

यदि आप Tell Us ("हमें बताएँ") फोन लाइन, वेबसेवा या स्मार्टफोन एप के ज़रिए किसी मुद्दे/समस्या की सूचना देते हैं तो हम वे सारे व्यक्तिगत विवरण एकत्र करते हैं जो आप अपनी सूचना में अपने बारे में या सूचना में आपके द्वारा स्पष्ट किए गए किसी अन्य व्यक्ति के बारे में शामिल करते हैं। हम आपके लिए यह आवश्यक नहीं करते कि आप अपना नाम बताएँ। पर हम आपको खुद की पहचान बताने के लिए प्रेरित अवश्य करते हैं, क्योंकि बेनामी ढंग से ज़ाहिर की गई चिंताएँ अक्सर काफ़ी कम प्रभावी होती हैं और यदि हमारे पास पर्याप्त जानकारी न हुई, तो संभव है कि पूरी जाँच न हो पाए।

आप विशेष श्रेणियों में आने वाली व्यक्तिगत जानकारी, जिसे कभी-कभी “संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा” कहा जाता है, को शामिल कर सकते हैं। इस शब्द में नस्ली या नृजातीय मूल, धार्मिक विश्वासों, शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य, श्रमिक संघ सदस्यता, यौन झुकाव इत्यादि मामलों से संबंधित जानकारी, यौन जीवन से संबंधित जानकारी, बायोमेट्रिक डेटा, आनुवंशिक डेटा, आपराधिक रिकॉर्ड और दंडनीय अपराधों या कार्यवाहियों से संबंधित जानकारी शामिल है।

यदि आप किसी सूचना का विषय हैं या किसी सूचना में आपका नाम लिया गया है, तो हम आपको जल्द-से-जल्द सूचित करने का प्रयास करेंगे, तब के सिवाय जब ऐसा करने से जाँच पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता हो या जब कानून हमें ऐसा करने से रोकता हो।

हम इस डेटा का उपयोग कैसे करते हैं?

Tell Us ("हमें बताएँ") फोन लाइन के ज़रिए सबमिट की गईं वॉइस सूचनाएँ कुछ समय के लिए रिकॉर्ड की जाती हैं और फिर मूल भाषा और अंग्रेज़ी, दोनों में उसके श्रुतलेख (ट्रांसक्रिप्ट) तैयार किए जाते हैं। Tell Us ("हमें बताएँ") वेबसेवा और स्मार्टफोन के ज़रिए मिले सभी श्रुतलेख (ट्रांसक्रिप्ट) और सूचनाएँ (चाहे उनका मूल देश कोई भी हो) एक केस मैनेजमेंट सिस्टम में रखे जाते हैं और Primark (प्राइमार्क)को भेजे जाते हैं।

हम हमें सबमिट किए गए डेटा का उपयोग सूचना की समीक्षा के और, जहाँ उपयुक्त हो वहाँ, लगाए गए आरोपों की जाँच के प्रयोजनों से करते हैं। हमारे द्वारा इस डेटा का उपयोग, इन प्रयोजनों के संबंध में हमारे वैध हितों के लिए आम तौर पर आवश्यक होता है और हम शामिल व्यक्तियों के संरक्षण के उपयुक्त उपाय लागू करते हैं।

यदि आपकी सूचना में विशेष श्रेणियों के व्यक्तिगत डेटा और/या दंडनीय अपराधों या कार्यवाहियों से संबंधित व्यक्तिगत डेटा हो तो, हमारे द्वारा इस डेटा का उपयोग (ऊपर लिखे) हमारे वैध हितों के लिए आम तौर पर आवश्यक होता है और:

- विशेष श्रेणियों के व्यक्तिगत डेटा के उपयोग के संबंध में, महत्वपूर्ण जनहितों के लिए आवश्यक होता है और/या कानूनी दावों की सिद्धि या के बचाव के लिए आवश्यक होता है; और
- दंडनीय अपराधों या कार्यवाहियों से संबंधित जानकारी के संबंध में, गैरकानूनी कृत्यों का पता लगाने या उन्हें रोकने के लिए आवश्यक होता है।

आपके डेटा को साझा करना

Tell Us ("हमें बताएँ") सिस्टम के ज़रिए ऐसी जो भी सूचनाएँ सबमिट होंगी जो नैतिक मुद्दों से संबंधित हैं, वे शुरुात में Primark (प्राइमार्क) नैतिक व्यापार (एथिकल ट्रेड) टीम को भेजी जाएँगी ताकि उन्हें "हमें बताएँ" नीति में लिखी कार्यविधियों के अनुसार संभाला जा सके।

अन्य सूचनाएँ आम तौर पर Primark (प्राइमार्क)की संबंधित टीम को भेजी जाएँगी ताकि उपयुक्त जाँच में सहायता हो सके।

अतिरिक्त प्रशिक्षण या अन्य उपायों की आवश्यकता वाली किन्हीं भी प्रवृत्तियों या चिंताजनक क्षेत्रों की बड़ी तस्वीर देखने के लिए, Primark(प्राइमार्क) द्वारा सभी सूचनाओं को बेनामी बनाकर उन्हें सूचना सारांशों में बदल दिया जाएगा और Primark(प्राइमार्क) के जोखिम और अनुपालन निदेशक (डायरेक्टर ऑफ़ रिस्क एंड कंप्लाएंस) हर तीन माह पर उनकी समीक्षा करेंगे।

हम आपका डेटा कब तक रखते हैं?

शुरुआती वॉइस रिकॉर्डिंग, श्रुतलेख (ट्रांसक्रिप्ट) तैयार होते ही मिटा दी जाती हैं। सूचनाओं के श्रुतलेख (ट्रांसक्रिप्ट) और Tell Us ("हमें बताएँ") वेबसेवा और स्मार्टफोन एप के ज़रिए मिली सूचनाएँ, जाँच में लगने वाले समय के दौरान और केस 'क्लोज़' हो जाने के बाद तीन वर्षों तक (तब के सिवाय जब लागू कानून इससे अधिक लंबी अवधि आवश्यक करते हों) Tell Us ("हमें बताएँ") सिस्टम के भीतर रखे जाएँगे। इसके बाद,

पहचान करने वाली सारी जानकारी मिटा दी जाती है और आंतरिक रिपोर्टिंग के प्रयोजनों से केवल सूचना के प्रकार, उसके स्थान और जाँच के परिणाम का एक सांख्यिकीय रिकॉर्ड ही रखा जाता है।

आपका डेटा कहाँ रखा जाता है और कहाँ ट्रांसफ़र किया जाता है?

Tell Us ("हमें बताएँ") फोन लाइन, वेबसेवा और स्मार्टफोन एप के ज़रिए सबमिट की गई सूचनाएँ नीदरलैंड, यूरोप में स्थित हमारे आपूर्तिकर्ता (सप्लायर) के सर्वरों में रखी जाएँगी। Primark (प्राइमार्क)आपके डेटा को UK और आयरलैंड में भी एक्सेस करेगी और फिर उसे सबसे उपयुक्त व्यवसाय को जाँच के लिए सौंप देगी। इसका यह अर्थ है कि आपका डेटा UK, आयरलैंड और नीदरलैंड को और संबंधित जाँच टीम (चाहे वह कहीं भी स्थित हो) को ट्रांसफ़र किया जाएगा।

आपके अधिकार

आप जब चाहें तब हमसे आपके व्यक्तिगत डेटा की कॉपी आपको देने को कह सकते हैं। यदि आपको लगता है कि आपके बारे में हमारे पास रखा व्यक्तिगत डेटा गलत या अधूरा है, तो आप हमसे उसे ठीक करने या पूरा करने को कह सकते हैं। कुछ परिस्थितियों में आपको हमारे द्वारा आपके डेटा के उपयोग पर आपत्ति करने का अधिकार है और हमसे हमारे द्वारा आपके डेटा के उपयोग को प्रतिबंधित करने या आपके डेटा को मिटाने की माँग करने का भी अधिकार है। हालाँकि इन अधिकारों के कुछ अपवाद भी हैं। जैसे, यदि कानून ने यह आवश्यक किया है कि हम आपका डेटा अपने पास बनाए रखें या यदि हमें किसी कानूनी दावे की सिद्धि या के बचाव के लिए उसके उपयोग की आवश्यकता हो तो हम उसे मिटा नहीं पाएँगे।

यदि आप अपने व्यक्तिगत डेटा को एक्सेस करना या अपने किसी अधिकार का उपयोग करना चाहते हों, तो पहली बार आपको Primark (प्राइमार्क)डेटा संरक्षण टीम से dataprotection@primark.ie पर संपर्क करना चाहिए। यदि आपको हमारे द्वारा आपकी जानकारी को हैंडल किए जाने के तरीके के बारे में कोई चिंता हो तो आपको अपने स्थानीय डेटा संरक्षण पर्यवेक्षी प्राधिकरण से शिकायत करने का अधिकार है।